दैनिक नवज्योति

उदयपुर, मंगलवार, 3 सितम्बर 2019

सार-समाचार

फैकल्टी डवलपमेन्ट प्रोग्राम का समापन

उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन संस्थान में 19 अगस्त से 2 सितम्बर तक फेकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम हुआ। रिसर्च सैल की अध्यक्ष डॉ. शीला भट्ट ने बताया कि कार्यशाला में क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने महाविद्यालय की टीचिंग फैकल्टी का मार्गदर्शन कर संस्थान के शोधार्थी व्याख्याताओं को शोधपत्र संबंधी कई तथ्यात्मक जानकारी दी। इस दौरान शोधार्थी अध्यापकों द्वारा शोध पत्रों का निर्माण विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का समापन समारोह मुख्य मार्ग दर्शक सुविवि के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के प्रो. एमके जैन की उपस्थिति में हुआ। संचालन प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा ने किया। डॉ. शीला भट्ट ने स्वागत भाषण दिया।